तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 14 मई 2025

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



4 गड़बड़ी : घटिया सामग्री खरीदी के मामले में नप सकते हैं तीन अधिकारी




**खबर संक्षेप**

### तांबा तार चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने खरसिया-धरमजयगढ़ रेलवे लाइन से तांबा तार चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें दो नाबालिग बालक भी शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से लगभग 74 मीटर तांबा तार, कीमती 35 हजार रुपए, तीन कुल्हाड़ी और एक आरीपत्ती को जप्त किया गया है। वहीं उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है। दरअसल 12 मई को सतीश कुल्लु ने घटना की शिकायत थाने में की थी। उसने बताया कि वह जसबीर सिंह कबेरवाल सेक्योरिटी एजेंसी के माध्यम से छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। 9 मई की रात 10 बजे से 10 मई की सुबह 6 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने रेलवे पोल नंबर 69/01 से जी10/01 के बीच की 100 मीटर विद्युत प्रवाहित तांबा तार चोरी कर ली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए घरघोड़ा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। इसके बाद पुलिस टीम ने मुखबिरों की मदद से वसीम खान निवासी वार्ड क्रमांक 2 घरघोड़ा और विनोद कुमार भुइंया निवासी वार्ड क्रमांक 1 कसैया घरघोड़ा को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने जुर्म कबूल कर लिया है।

## मनोरोग विशेषज्ञ ने कहा- बच्चों के लिए घातक है ऐसे गेम्स, पढ़ाई भी हो रही प्रभावित

# पब्जी, फ्री फायर व ऑनलाइन सट्टा गेम की लत से बच्चे हो रहे बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वर्तमान में पब्जी, फ्री फायर और ऑनलाइन सट्टा गेम्स की धूम मची हुई है। जिन्हें खेलने में अपना जिला भी अछूता नहीं है। इन गेम्स की खासियत है कि यह एक बुरी लत की तरह है, जिसे एक बार लग जाए छूटता ही नहीं। इन्हीं गेम्स के चक्कर में अपने जिले के हजारों बच्चे और युवा बर्बाद होते जा रहे हैं। मनोरोग विशेषज्ञों के पास भी रोजाना इस तरह के केसेस आ रहे हैं।

दरअसल सुबह से शाम तक शहर के हर गली-मोहल्लों, चौक-चौराहों में बच्चों और युवाओं की टोली साथ बैठ कर गेम खेलते नजर आते हैं। स्मार्ट फोन इनके लिए घातक बीमारी बनते जा रहा है। पहले बच्चे शारीरिक विकास के लिए फुटबॉल, क्रिकेट आदि खेलों को तवज्जो देते थे, लेकिन जब से स्मार्ट फोन आया है बच्चे उस पर इंटरनेट के जरिए दिमाग वाला चैलेंजिंग और एक्साइटिंग गेम खेलना पसंद कर रहे हैं। वहीं धीरे-धीरे इसके आदी भी होते जा रहे हैं। इसी वजह से उनकी सूझबूझ की क्षमता भी कम होती जा रही है। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राजेश अजगल्ले की मानें तो उनके पास पब्जी, फ्री फायर व ऑनलाइन सट्टा गेम्स के आदी बच्चे और युवा अक्सर आते हैं, जो उपचार के बाद भी ठीक नहीं हो रहे हैं। क्योंकि इस तरह के गेम्स ने उनके ब्रेन को डैमेज कर दिया है। खासकर ऐसे बच्चे रीयल लाइफ से दूर होकर दिखावे की लाइफ जीने लगे हैं। डॉ अजगल्ले ने आगे कहा कि पहले भी एक ब्लू वेल नामक खतरनाक गेम आया था, जिसके चैलेंज को पूरा करने के चक्कर में कई बच्चों की मौत हो गई। इसके बाद इस गेम पर बैन लगा दिया गया। पब्जी और फ्री फायर भी उसी तरह के गेम हैं जो खेलने वाले के पूरे व्यवहार को परिवर्तन कर देता है। जैसे–जैसे बच्चे बढ़ते जाते हैं उनका दिमाग भी बढ़ता है, लेकिन ये गेम्स उनके दिमाग के विकास को रोक रहे हैं और एक नशा (लत) की तरह उन पर हावी होते जा रहे हैं।




### टेलीविजन से भी काफी नुकसान

डॉ अजगल्ले ने बताया कि बच्चों के बिगड़ने में उनके माता-पिता का भी हाथ होता है। जब बच्चे छोटे होते हैं और खाना नहीं खाते तो उसके परिजन उसे टीवी में कार्टून लगा कर खाना खाने को कहते हैं। जिससे बच्चे के दिमाग में यह बैठ जाता है कि कार्टून चलने पर ही वह खाना खाएगा। धीरे-धीरे बच्चे बढ़े होते जाते हैं तो उन्हें टीवी के बाद मोबाइल की लत लग जाती है, और वो घातक गेम खेलना शुरू कर देते हैं।

### पीएचक्यू ने भी जारी किया था आदेश

मोबाइल पर खेले जाने वाले ऑनलाइल गेम्स पब्जी और फ्री फायर को लोगों के लिए जानलेवा साबित होते देख पीएचक्यू ने भी कुछ साल पहले प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों निर्देश जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि बच्चों और बड़ों को ऐसे गेम से दूर रखने के लिए स्कूल-कॉलेजों, गावों व शहर में चलित थाना, पुलिस चौपाल लगाकर जागरुकता अभियान चलाया जाए। हालांकि जिला पुलिस ने इस गंभीर मुद्दे पर एक भी कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया। पीएचक्यू ने जारी आदेश में कहा था कि पब्जी, फ्री फायर गेम खेलने वाले बच्चे खेलते समय भावुक हो रहे हैं। साथ ही मनोरोग का भी शिकार हो रहे हैं। देश में इस गेम को खेलने वाले कई लोगों की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है।

### माता-पिता और टीचर को ध्यान देने की जरूरत

मनोरोग विशेषज्ञ डॉ अजगल्ले ने कहा कि इस समस्या का समाधान ऐसे बच्चों के माता-पित के पास ही है। वे बच्चों को स्मार्ट फोन के साथ अकेला रहने न दें, उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताते हुए उन्हें रीयल लाइफ में लाएं। साथ ही स्कूल के टीचर जिन बच्चों के रिजल्ट खराब आ रहे हैं, उसकी तह तक जाएं कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। इसके बाद उक्त बच्चों के परिजनों से मिलकर समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करें। तब जाकर कुछ हद तक इस पर रोक लगाया जा सकता है।

### ड्रीम इलेवन ने जीवन में मचाई तबाही

डॉ अजगल्ले ने बताया कि करीब 15 दिन पहले शहर के ही एक 22 वर्षीय लड़के को उसके परिजन उनके पास लेकर आए थे। वह बच्चा ड्रीम इलेवन में पैसे लगाने के चक्कर में अपने दोस्तों व परिचितों से लाखों रुपए उधार लेकर हार गया था। जब वह रुपए चुका नहीं पाया और उस पर दबाव बढ़ने लगा तो उसके परिजनों को इस बात की जानकारी हुई। इसके बाद भी वह लड़का उक्त गेम को छोड़ नहीं पा रहा था, तब उसे डॉक्टर के पास लाया गया। डॉ अजगल्ले ने उस बच्चे का काउंसिलिंग किया और आज भी उसका उपचार जारी है।

### रिजल्ट आ रहे हैं खराब

जो बच्चे कभी अपने स्कूल के टॉपर हुआ करते थे, अब वे पढ़ाई में पीछे रहने लगे हैं। इसका मुख्य कारण पब्जी, फ्री फायर और ऑनलाइन सट्टा गेम्स को बताया जा रहा है। कुछ बच्चों के परिजनों ने बताया कि जब से उनका बच्चा स्मार्ट फोन पर गेम खेलना शुरू किया है तब से वह पढ़ाई में ध्यान ही नहीं देता। जिसके कारण उसका रिजल्ट खराब आ रहा है।



# ट्रेलर की टक्कर से पत्नी की मौत, पति घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ संबलपुरी-हमीरपुर मुख्य मार्ग की घटना, गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत संबलपुरी-हमीरपुर मुख्य मार्ग में एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने बाइक सवार दंपती को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में ट्रेलर के पहियों तले आ जाने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर मौके पर चक्काजाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों पुसौर निवासी चमरा मेहर अपनी पत्नी पुष्पा मेहर के साथ हमीरपुर अपने पुस्तैनी घर गया था। मंगलवार की सुबह दोनों पति-पत्नी बाइक से वापस पुसौर आने के लिए निकले थे। तभी संबलपुरी मुख्य मार्ग में पूजा ढाबा के पास गलत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने दंपती को अपनी चपेट में ले लिया। वाहन की टक्कर से चमरा मेहर दूर जा छिटका तो उसकी पत्नी पहियों के नीचे आकर फंस गई। इसके बाद ट्रेलर चालक महिला को करीब 20 फीट दूर तक घसीटते हुए ले गया। इस घटना में पुष्पा मेहर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौका देख आरोपी चालक वाहन छोड़ भाग निकला। इसके बाद गुस्साए लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर मौके पर महिला का शव रख कर चक्काजाम कर दिया। वहीं दुर्घटना और चक्काजाम की सूचना मिलते ही चक्रधर नगर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देने में जुट गई। खबर लिखे जाने तक चक्काजाम जारी रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

# तरबूज की फसल को नुकसान पहुंचाने के विवाद में ग्रामीण की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत तरबूज की फसल को नुकसान पहुंचाने के विवाद पर एक युवक ने ग्रामीण की सब्बल से निर्मम हत्या कर दी।

घटना के बाद 24 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए सलाखों के पीछे भेज दिया है। दरअसल ग्राम बरखोरिया करमानाचा बाघडीपा निवासी विजय माझी (36) ने 11 मई की शाम गांव के बाहर 60 वर्षीय सहदेव मांझी की लोहे के सब्बल से हत्या कर दी। मृतक के बेटे तेजराम माझी को उसकी मां ने फोन कर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद उसने मौके पर पहुंचकर पिता की लाश देखी और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मृतक के बेटे के बयान के आधार पर आरोपी विजय माझी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में विजय ने अपना अपराध स्वीकारते हुए बताया कि उसके बाड़ी में लगे तरबूजों को नुकसान पहुंचाने के विवाद पर उसने लोहे के सब्बल से सहदेव पर हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी के मेमोरेंडम के आधार पर हत्या में प्रयुक्त सब्बल, खून से सने कपड़े और अन्य साक्ष्य बरामद किए गए हैं। विजय माझी पिता सुखसाय माझी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

सारंगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छतौना बैराज के पास स्कूटी सवार महिला को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सक्ती निवासी ब्रह्मकुमारी पटेल सारंगढ़ में एक शादी समारोह से शामिल होने के लिए स्कूटी से आ रही थी। तभी एक कार के चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे महिला की मौत हो गई।




### खबर संक्षेप

## फैशन टेलेंट शो में खरसिया की अंजली को अवार्ड



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के फैशन और टैलेंट को नया मंच देने वाला कार्यक्रम इस बार और भी भव्य अंदाज में 36 मॉल बिलासपुर ने आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से चयनित युवा जिसमें 2025 का अवार्ड छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की खरसिया निवासी अंजली चौहान को दिया गया। इस उपलब्धि पर अंजलि के परिजनों दोस्तो रिश्तेदारों ने भी उन्हें बधाई दी है। अंजली ने बताया कि वो खरसिया के चोढा गांव की रहने वाली है, जिनकी उम्र 20 साल है उन्होंने बताया कि उनका बचपन से सपना रहा है कि वो मॉडल बने। अंजलि ने कहा मेरी मां जिनका नाम कमला चौहान है, हमेशा सपना था कि मैं जिंदगी में आगे बढूं अपने पैर पर खड़े रहूं। मेरी मां ने बहुत संघर्ष किए हैं मेरे लिए मैं इतने कम उम्र में मैं बहुत आगे बढ़ रही हूं मां बाप ना होने के बावजूद और मेरे मां बाप के अनुपस्थिति में अब मुझे मेरे मामा सरोज चौहान ने काफी सपोर्ट किया है मेरे जीवन बनाने के लिए इनका बहुत बड़ा हाथ है हाथ है जो मुझे इतना सपोर्ट करती है।

## बागबहार थाना परिसर में गायत्री महायज्ञ

**जशपुरनगर।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ थाना परिसर बागबहार में थाना प्रभारी अशोक शर्मा एवं गायत्री परिवार के प्रयास से किया गया। यज्ञ मे गांव के श्रद्धालूओं ने भी भाग लिया। यज्ञ में विश्व शांति एवं विश्व कल्याण के साथ राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने हेतु आहुति समर्पित किया गया। पहलगाम हमले मे मारे गए लोगों को तथा देश हित मे शहीद वीर जवानों को यज्ञ आहुति से श्रद्धांजलि दी गई। यज्ञ चार पाली मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सीएल भगत राम अवतार एव मीरा भगत के द्वारा किया गया 1 जिला समन्वयक काशी राम श्रीवास ने यज्ञ की महत्ता एव आवश्यकता के बारे मे प्रकाश डालते हुए विस्तार से बताया। गायत्री शक्तिपीठ व्यस्थापक अशोक अग्रवाल के द्वारा इस पुण्य परमार्थ कार्य के लिए थाना परिवार के सभी कर्मचारियों को तथा कार्यक्रम मे उपस्थित समस्त परिजनों का आभार प्रदर्शन किया।

## ईशा ने अंडर 15 कुस्ती स्पर्धा में लहराई परचम

**पत्थलगांव ।** गुजरात सरकार द्वारा प्रतिवर्ष खेल महाकुंभ का आयोजन किया जाता है जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिता सम्मिलित किए जाते हैं। इस वर्ष के आयोजन में अंडर 15 राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में कु0 ईशा यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त की है। ईशा यादव जिले में अंतरराज्यीय स्तर पर महिला वर्ग कुश्ती में भाग लेने वाली प्रथम महिला प्रतिभागी है।
ईशा यादव की माता-पिता चंद्रमणि यादव , श्रीमती रजनी यादव व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। ईशा यादव एवं जिज्ञासा यादव दोनों बहन है , एवं विगत वर्ष दोनों का सैनिक स्कूल गुजरात के लिए चयन हुआ है, तथा गुजरात सैनिक स्कूल में अध्यनरत है, ईशा एवं जिज्ञासा पढ़ाई के साथ-साथ खेल विद्या में भी रुचि रखती हैं। दोनों बहन विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं। दोनों बेटियों ने अपने माता-पिता सहित पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। ईशा ,जिज्ञासा,को शिक्षा विभाग, उनके परिजन, एवं शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## बच्चे सभी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उत्साहित

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के अंतर्गत आयोजित ग्रीष्म कालीन समर कैंप में बच्चों को विभिन्न प्रकार के गतिविधियां कराई जा रही है। बच्चो को समर कैंप में अपने रुचि के अनुसार गतिविधियां करने में बहुत ही आनंद आ रहा है। जिले के सभी विकास खंडों में आयोजित ग्रीष्म कालीन समर कैंप में बच्चों की उपस्थिति से अनुमान लगाया जा सकता है।

### सरकार से 947 ग्रामीणों ने की पीएम आवास की मांग

# धनसीर समाधान शिविर में किसान को ट्रैक्टर की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

सुशासन तिहार अंतर्गत बिलाईगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत धनसीर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ जनपद पंचायत अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद साहू, जिला पंचायत सभापति युवराज शरण सिंह, सुशीला साहू, जनपद सदस्य अन्य जनपद सदस्यों, डॉ. वर्षा बंसल एसडीएम, सीईओ प्रतीक प्रधान, तहसीलदार बिलाईगढ़ कमलेश सिदार सहित जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिती में किया गया।

शिविर में समस्त विभागों के द्वारा सुशासन तिहार में आए आवेदनों का निराकरण मांग शिकायत को हितग्राहियों, आम जनमानस तथा जन प्रतिनिधियों के समक्ष जिला व ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा जानकारी दिया गया। शिविर में शामिल कुल 16 ग्राम पंचायतों में से मांग व शिकायत के 3071 आवेदन प्राप्त हुये, जिसका समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक निराकरण किया गया। आवेदनों में सर्वाधिक मांग प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 947, मनरेगा के 429, स्वच्छ भारत मिशन 271, निर्माण के 216, पेंशन के 145 तथा राशनकार्ड के 175 आए थे। इस अवसर पर अतिथि के रूप में सुभाष जालान, पवनी नगर पंचायत अध्यक्ष कुलदीपक साहू आदि के द्वारा सभी स्टालों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने विभागीय योजनाओ की जानकारी दिए। डॉ. सनम जांगड़े, पूर्व विधायक द्वारा जन संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जनप्रतिनिधियों एवं आम जनसमूहों को जल संरक्षण के विषय में जागरुक किया। पौधरोपण के कार्य, रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य में प्रोत्साहित किया गया। शिविर में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों तथा आम जन को जल संरक्षण हेतु सामूहिक रूप में शपथ दिलाया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न सामग्री एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जैसे महिला एवं बाल विकास द्वारा गोद भराई जन्म उत्सव कार्यक्रम कराया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्राई सायकल प्रदाय किया गया। राजस्व विभाग ने किसान किताब, नक्शा वन विभाग द्वारा 80 पौधा, कृषि विभाग द्वारा एक किसान को अनुदान के साथ नया ट्रेक्टर और 10 हितग्राहियों को कीटनाशक, 08 हितग्राहियों को उद्यानिकी विभाग द्वारा 50 फलदार पौधे, मनरेगा से 19 हितग्राही को जॉब कार्ड तथा प्रधानमंत्री आवास के 20 हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र वितरण किए गए।



## लिंजिर के समाधान शिविर में पहुंचा जिला प्रशासन

■ मांग और शिकायत के 5461 आवेदनों का हुआ निराकरण

सारंगढ़। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप शासन की योजनाओं को पारदर्शी ढंग से आम जनता तक पहुंचाने एवं पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बरमकेला विकासखंड लिंजिर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूर.दूर से लोग अपनी मांगों और समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे। लिंजिर कलस्टर से कुल 5469 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग संबंधी 5435 आवेदन और शिकायत से संबंधित 26 आवेदन मिले। जिसमें 5461 आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा चुका है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत वर्मन सहित प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा बारी बारी से योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने संबोधित करते हुए कहा कि शिविर में विभिन्न स्टालों के अवलोकन किया गया। उन्होंने लोगों से अपने आहार में आयरन युक्त व पौष्टिक भोजन शामिल करने की अपील की ताकि स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सके। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए संबंधित विभागों को रोजगार मूलक कार्यों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। अजय नायक उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने बताया कि शासन की योजनाओं और सेवाओं को नागरिकों तक पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावशीलता के साथ पहुँचाना है। आम जनता से अपील की है कि वे इन शिविरों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि ये शिविर न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम हैं, बल्कि आमजन की समस्याओं के निराकरण तथा सेवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने का एक सशक्त प्रयास भी हैं। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि एवं उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास समाज कल्याण, स्वास्थ्य, अग्रणी बैंक एवं आधार कार्ड,विद्युत विभाग, पुलिस विभाग,सहकारिता, शिक्षा, आदिमजाति कल्याण,श्रम, उद्योग, खनिज विभाग लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे।

## हितग्राहियों को साइकिल और राशन कार्ड मिला



**चंद्रपुर।** चंद्रपुर नगर पंचायत 12 मई के मंगल भवन में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में संयोगिता सिंह जूदेव रूपा सिंह देव, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन, कमल पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष तिलेश माली, महामंत्री गिरजा शंकर यादव, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजेश डनसेना, सदस्य सक्रिय गौरीशंकर गुप्ता, भुवन पटेल पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष सोनू यादव एवं पाषर्दगढ़ उपस्थित होकर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को राशन कार्ड, ट्राई साइकिल का वितरण किया, इस शिविर में भाजपा के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता गण सहित समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जनदर्शन में मांग और समस्याओं से रूबरू हुए कलेक्टर कन्नौजे

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में जिले का नागरिकों का आवेदन जनदर्शन में अवलोकन किया। इसके साथ साथ कलेक्टर कार्यालय परिसर में उपस्थित आवेदकों से भी उनकी समस्या की जानकारी ली और उन्हें एक सप्ताह में उनकी समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

जनदर्शन आवेदन में विधवा पेंशन, परधीयापाली में प्रदूषण और अवैध उत्खनन, वन अधिकार पट्टा, महतारी वंदन योजना कार्य में ऑपरेटर का भुगतान, भण्डोरा, परसापाली, पुरगांव, टेंगना कछार के सरपंच सचिव के गबन का शिकायत, पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान,ग्राम जोरा में जल जीवन मिशन का मरम्मत, राइस मिल संचालन रोकने, सिलादेई आंगनबाड़ी केंद्र का शिकायत, ग्राम टाटा में मनरेगा से रोजगार देने, तालाब गहरीकरण, जीपीएफ अंतिम भुगतान, भू अर्जन, दिव्यांग प्रमाण पत्र, स्टे हटाने, अभिलेख दुरुस्ती, जसपुर समिति के कर्मचारियों को यथावत रखने, अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, नाली निर्माण पर रोक, भूमि का प्रमाणित नकल, शासकीय भूमि का कब्जा हटाने, चतुर्थ श्रेणी में अनुकंपा, ग्राम जमगहन में पचरी तोड़कर मकान निर्माण तोड़ने के विरुद्ध शिकायत, पटवारी द्वारा न्यायालय आदेश के पालन में लापरवाही, चिरमिरी में फर्जी तरीका से नौकरी करने वाले मंगलदास एवं रामदास के विरुद्ध एफआईआर करने आदि का आवेदन प्राप्त हुआ है।

**तालाब में मांस टुकड़ा डालने की शिकायत**- सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम आमाकोनी और छोटे गंतुली के निवासियों ने शिकायत किया है कि ठेकेदारों ने गांव के निस्तारी तालाबों में मछली पालन कर रहे हैं।

## सीबीएसई बोर्ड में संस्कार स्कूल का रिजल्ट रहा उत्कृष्ट

■ 12वीं में अखिलेश सोनवानी व 10वीं में अदिति केडिया रहीं स्कूल में टॉपर



**रायगढ़।** सीबीएसई बोर्ड में शहर की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। 10वीं में 99 प्रतिशत व 12वीं में 98 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। 12वीं बोर्ड में अखिलेश सोनवानी ने 96.4 प्रतिशत अकों के साथ स्कूल में टॉप किया, वहीं 10वीं में 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ अदिति केडिया टॉपर रही।

संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि शहर की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक अकादमी के साथ खेलकूद, सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए विख्यात है। बोर्ड एग्जाम के साथ पीईटीए पीएमटी सहित अन्य प्रवेश परीक्षाओं में यहां के स्टूडेंट्स अपना परचम लहराते आए हैं। इस साल सीबीएसई बोर्ड एग्जाम में भी यहां के छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता अर्जित की है। सीबीएसई बोर्ड ने मंगलवार को 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए। 10वीं बोर्ड में संस्कार स्कूल का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा। अदिति केडिया ने 95.2 प्रतिशत, पियूष कुमार जेना 92 प्रतिशत, वैभव मेहर 90 प्रतिशत, अमिषा पटेल 88 प्रतिशत, रागिनी पटेल 88 प्रतिशत, प्रियंका भगत 88 प्रतिशत, पल्लवी ज्योति 86.4 प्रतिशतए सर्वज्ञ मिश्रा 86.4 प्रतिशत, अर्चित सिंह 86 प्रतिशत, आरजू सेखानी 86 प्रतिशत, पियूष पटेल 85.4 प्रतिशत व अर्मन केरकेट्टा 85 ने प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया।

### 12वीं बोर्ड में इन्होंने मारी बाजी

12वीं बोर्ड एग्जाम में अखिलेश कुमार सोनवानी ने 96.4 प्रतिशत, स्नेहा सोनवानी 93.4 प्रतिशत, इशांत राठिया 91.2 प्रतिशत, तीर्थराज सिंह 91.2 प्रतिशत, सृजन मिश्रा 90.6 प्रतिशत, जयदीप सरकार 90 प्रतिशत, पल्लव चौधरी 89 प्रतिशत, भूपेंद्र साहू 87.5 प्रतिशत, रिद्धि शर्मा 86.2 प्रतिशत, दिव्यराम भोय 86.2 प्रतिशत, समीर तिर्की 85.2 प्रतिशत, वागिशा स्वर्णकार 85.2 प्रतिशत व सुमित गिडवानी ने 85 प्रतिशत अंक हासिल किया। इसी तरह अन्य छात्र-छात्राओं ने भी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया।

## डीपीएस बोर्ड के परिणामों में छात्राओं ने लहराया परचम

**जशपुरनगर।** शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां निरंतर ऊंचाइयों को छू रही हैं और इसका एक शानदार उदाहरण इस बार फिर देखने को मिला है। यहां के देव पब्लिक स्कूल के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यालय के 10 वीं और 12 वीं कक्षा के परिणामों में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न सिर्फ स्कूल का, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यह सफलता नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। 12वीं कक्षा के विज्ञान संकाय में धानी साहू ने 93 प्रतिशत, प्रियांशी गुप्ता 85 प्रतिशत ,चिराग साव 81प्रतिशत अंक एवं 12 वीं कॉमर्स में नंदनी सारंगी ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।



## दलदल में फंसने से हाथी शावक की मौत, हड़कंप

**रायगढ़।** घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में तालाब के पानी में दलदल में फंसने से एक हाथी शावक की मौत हो गई। जिससे वन विभाग में हड़कंप मच गया है। फिलहाल वन अमला द्वारा शावक का अंतिम संस्कार कर कागजी कार्रवाई पूरी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह कटंगडीह जंगल के 1271 आरएफ खोखरोआमा स्थित तालाब में एक हाथी शावक की पानी में लाश देखी गई। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में हाथी दल विचरण कर रहा है। सुबह पानी पीने के चक्कर में एक शावक पानी में घूस गया और दलदल में फंस कर वह डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## डिहीपारा में 81वां वर्ष अष्टप्रहरी नामयज्ञ



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के डिहीपारा में पिछले 80 वर्ष से लगातार अष्टप्रहरी नाम यज्ञ का आयोजन होते रहा है, इसके लिए मोहल्लेवासी पूरे जोश के साथ तैयारी में रहते हैं। कुछ वर्ष पूर्व इसी मोहल्ले से एक कीर्तन मण्डली एवं दंड नृत्य नामक लीला नाटक का आयोजन होता था, जिससे इस मुहल्ले के नाम समूचे क्षेत्र में होता था बहरहाल ये दोनों संगठन अब नहीं है लेकिन अष्टप्रहरी नामयज्ञ पिछले कई वर्षो से बजरंग युवा समिति के अगुवाई में नियमित और निर्बाध गति से संपन्न होते रहा है इस वर्ष का नामयज्ञ 10 मई शनिवार को कलश यात्रा से प्रारंभ हुई और 11 और 12 मई को अखंड नाम जपन के साथ पूर्णाहूति हुई। इस बीच बैठकी कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें महिला संकीर्तन्य मण्डली इच्छापाली व महिला सकीर्तन्य मण्डली कमगांव दोनों बरगढ़ उडीसा निवासी ने अपने सस्वर भजनों से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इनके महिला गायिका वर्षारानी भोई व कविता मिरधा के गायिकी विधा एवं नृत्य को देखकर लोगों ने इन्हें सराहा भी और उन्हें भेंट स्वरूप अंश दान दिए।

## जिले के 4322 ग्रामीणों को मिला नया आशियाना

■ राज्य व्यापी आयोजन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान हुए शामिल

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निरंतर प्रयासों से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध पूर्ण आवास में गृह प्रवेश उत्सव का राज्यव्यापी आयोजन 13 मई को किया गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सरगुजा अंबिकापुर में गृह प्रवेश उत्सव के भव्य आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश के ग्रामीण परिवारों को उनके नए नव निर्मित प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश कराया गया। कलेक्टर रोहित व्यास के दिशा निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के द्वारा जिला, जनपद एवं ग्राम



पंचायत स्तर पर लगातार समीक्षा और निगरानी की गई। भौतिक निरीक्षण कर हितग्राहियों का उत्साहवर्धन किया गया, जिससे जिले के 4322आवास पूर्ण हुए है जिनमें सभी जनपद के ग्राम पंचायतों में गृह प्रवेश का कार्यक्रम कराया गया है। जशपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत यह बड़ी उपलब्धि ग्रामीणक्षेत्रों को मिल रही है।

## पीएमश्री स्कूल सरिया में समर कैंप का समापन




**सरिया।** पीएम शासकीय बालक प्राथमिक शाला सरिया में समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार समर कैंप का संचालन किया। जिसमें कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चे लाभान्वित हुए। यह कैंप पूर्णतः स्वैच्छिक तथा पालकों की सहमति से चलाया गया। जिसका संचालन 7.30 से 9.30 तक किया गया। अध्ययन. अध्यापन के अलावा विशिष्ट कौशलों के समग्र विकास हेतु यह समर कैंप का आयोजन किया गया।

इस समर कैंप में निर्धारित समय अनुसार ड्राइंग, पेंटिंग, फूलों की माला, मोतियों की माला एस्पोकन इंग्लिश, क्ले आर्ट, मिट्टी कला, खिलौना निर्माण, संगीत, वादन, खेल, योग, व्यायाम, कहानी, नाटक, पठन, लेखन एविभिन्न प्रकार की टोपी बनाना, गुलदस्ता बनाना, मुखौटा बनाना आदि सिखाया गया। प्रभारी शिक्षकों एवं आमंत्रित कुशल कलाकारों द्वारा प्रतिदिन नियत समय में विद्यार्थियों को मनोरंजक ढंग से विभिन्न गतिविधियों को कराया गया। प्रतिदिन सभी बच्चों एवं उपस्थित कलाकारों के लिए हल्का नाश्ता एवं कोल्ड ड्रिंक, एनर्जी ड्रिंक की व्यवस्था की गई है मिनकेतन प्रधान के द्वारा संगीत एवं वादन कला का अभ्यास करवाया गया। जिसमें बड़े ही जोश के साथ अंत तक बच्चों की सहभागिता बनी रही। इस मौके पर श्रीमती ईश्वरी भोई व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल लुकापारा द्वारा समर कैंप में कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत पेपर आर्ट का सामान बनाया गया। पुराने कागज़ और अन्य कबाड़ सामग्री का उपयोग करके सुंदर और रचनात्मक कलाकृति बनाई गई। ये पेपर आर्ट का सामान न केवल एक मनोहर कलाकृति थाए बल्कि एक प्रभावी प्रदर्शन भी था कि किस प्रकार हम अपने आसपास के कबाड़ का उपयोग करके नए चीज़ों का निर्माण कर सकते हैं।

## टूटे स्टॉप डेम का होगा जीर्णोद्धार

कोतबा। नगर की मध्य बहने वाली भैवनी नदी के तट पर प्रकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण सतीघाट धाम में वर्षो से टूटे पड़े स्टॉप डेम का जीर्णोद्धार 1.61 करोड़ की लागत से होगा। जिसका भूमिपूजन 12 मई को सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व विधायक गोमती साय ने किया। स्टॉप डेम के जीर्णोद्धार के साथ-साथ पक्की नहर का निर्माण कार्य किया जाएगा। सिंचाई सुविधा का सीधा लाभ यहां के सैकड़ों किसानो को मिलेगा। नदी किनारे गार्डवाल, तटबंध, गार्डनिंग, वृक्षारोपण, सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य भी होगा। जिससे सतीघाट धाम के विकास के साथ धार्मिक पर्यटन के रूप मे नई पहचान बनेगी जो नगर के आकर्षण का मुख्य केन्द्र होगा। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि सालिक साय अध्यक्ष जिला पंचायत जशपुर,सुनील गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा , श्रीमती धनीयारो परहा अध्यक्ष जनपद पंचायत पत्थलगांव, श्रीमति सुरुचि पैंकरा सदस्य जिला पंचायत जशपुर, जगेश्वर यादव अध्यक्ष भाजपा मण्डल कोतबा शामिल हुए।

## श्रीराम फ्लड लाइट टेनिस बाल क्रिकेट का समापन

**पत्थलगांव ।** पत्थलगांव की श्रीराम फाइटर की टीम ने 10 ओवर में 99 रन का लक्ष्य दिया जिसे चेस करने उतरी सीतापुर की टीम पहले ओवर से ही विकेट खोकर दबाव में आगई और विकेट लगातार गिरता रहा जिस फलस्वरूप सीतापुर की टीम श्री राम फाइटर टीम से हार कर रनरअप में सन्तोष किया । पत्थलगांव की श्री राम फाइटर ने अच्छा खेल दिखा कर ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। जितने वाली टीम को एक लाख रुपये का नगद इनाम और ट्राफी प्रदान किया गया। वही रनरअप सीतापुर की टीम को 2सरा पुरुस्कार 50हजार रुपये और ट्राफी प्रदान की गई।

विधायक गोमती साय ने सभी क्रिकेट प्रेमियों को खिलाड़ियों को एवं आयोजकों को बहुत बहुत बधाई दी। साथ ही यहां के लोगों को धन्यवाद दिया। आयोजकों की मांग खेल मैदान में फ्लड लाइट को लगाने की जिसपर गोमती साय ने कहा कि मैं जरूर राज्य के खेलमंत्री से बात करूंगी की पत्थलगांव में फ्लड लाइट लगाई जाये। एसडीओपी ध्रुवेस जायशवाल ने कहा कि बेहतरीन आयोजन था बहुत मजा आया। आपको बता दे फायनल मैच से पहले क्रिकेट खेलते हुए काफी चौके और छक्के मारे जिससे अपने बचपन की यादे ताजे हो गए और कर काफी खुश हुए उन्होंने कहा कि युवा लोगो को खेल से हमेसा जुड़े रहना चाहिए इससे भागमभाग भरी जिंदगी में कुछ समय खेल को मिलता है। जिससे ताजगी बनी रहती




है। पहली बार पत्थलगांव में क्रिकेट का बड़ा आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय लोगो का भरपूर समर्थन आयोजको को मिला जिसके फलस्वरूप क्रिकेट खेल का बेहतरीन समापन किया जा सका। पत्थलगांव की श्रीराम फाइटर टीम ने अपने लीग के सभी मैच जीत कर फायनल जीता श्री राम फाइटर के कप्तान ने अपनी जीत पर कहा कि हमारी जीत टीम की जीत है सभी ने अच्छा खेल खेला तभी हम सभी टीमो को हरा पाए सीतापुर की क्रिकेट टीम भी बहुत अच्छी थी पर कोई एक ही जीत पाता है फायनल में हमने अच्छा खेला हम जीत गए।



# फिल्म 'कन्नप्पा' का अमेरिका में प्रचार शुरू...

**नई दिल्ली।** तेलुगु अभिनेता और निर्माता विष्णु मांचू अपनी पौराणिक ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' को लेकर लगातार सुर्खियों में है। यह फिल्म 27 जून को रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज से पहले इसका प्रचार शुरू हो चुका है। इस फिल्म का प्रचार सबसे पहले अमेरिका से शुरू हुआ। विष्णु मांचू की फिल्म कन्नप्पा को लेकर अमेरिका में प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। विष्णु ने अपनी इस खास फिल्म का प्रचार करने के लिए अमेरिका में चार दिन का दौरा किया। यह दौरा न्यूयॉर्क से शुरू होकर न्यू जर्सी, डलास और सैन फ्रांसिस्को तक गया। हर जगह प्रशंसकों को 7 मिनट की खास वीडियो दिखाई गई।

## लाइफ Style

# नंदिनी

## भारतीय परिधान में मंच पर बिखेरा जलवा

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच दुनिया के सबसे शानदार खिताब में एक मिस वर्ल्ड समारोह का आखिरकार रविवार को उद्घाटन हो ही गया। 72वीं मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता का भव्य आगाज हैदराबाद में 11 मई को हुआ। मिस वर्ल्ड 2025 का महाकुंभ शुरू हो चुका है।

इस बार इसकी मेजबानी का जिम्मा भारत के पास है। जिसमें राजस्थान के कोटा की रहने वाली नंदिनी गुप्ता ने मिस वर्ल्ड के मंच पर अपना जलवा बिखेरा। उन्होंने पहले ही दिन कॉस्ट्यूम राउंड में अपनी छाप छोड़कर सबका दिल जीत लिया। नंदिनी इस प्रतियोगिता में 110 देशों की सुंदरियों को कड़ी टक्कर देने वाली हैं। मिस वर्ल्ड 2025 के मंच पर खुद को पेश करने के बाद नंदिनी ने इस इवेंट की तस्वीरों को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सांझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि आज रात, मुझे सच में समझ में आया कि 'भारत की बेटी' होने का क्या मतलब है। इस रात को कभी न भूलने वाली बनाने के लिए मिस वर्ल्ड का बहुत-बहुत आभार। फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 का ताज जीत चुकी नंदिनी नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड के लिए भारत की स्वर्णिम संस्कृति की कहानी बयां करती खूबसूरत पोशाक पहनकर आईं। जैसे ही सुंदरी हाथ में भारतीय ध्वज लेकर मंच पर आईं, हर कोई उन्हें देखता रह गया। उनके लुक को खास बनाने के लिए हर एक तत्व का खास ख्याल रखा गया था, जो भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को दर्शाता था। नंदिनी गुप्ता राजस्थान के कोटा कैथून के भांडाहेड़ा की रहने वाली हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# जुड़वा बच्चों को दिया जन्म

**लॉस एंजिल्स।** 'एक्वामैन' अभिनेत्री एम्बर हर्ड ने 'मदर्स डे' पर अपने जुड़वा बच्चों के जन्म की घोषणा की। इससे पहले उन्होंने दिसंबर 2024 में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए इसकी जानकारी दी। एम्बर हर्ड ने 11 मई को अपने इंस्टाग्राम दिल छू लेने वाली खबर का खुलासा किया, जहां उन्होंने जहां उन्होंने अपने तीनों बच्चों के पैरों की एक तस्वीर साझा की और कैप्शन में एक भावुक नोट लिखा। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'मदर्स डे' एक ऐसा दिन होगा जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगी।



# 'ईकोज ऑफ अस' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** यूलिया वंतूर अब हॉलीवुड फिल्म में अपना एक्टिंग डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह जल्द ही जो राजन द्वारा निर्देशित फिल्म 'ईकोज ऑफ अस' में नजर आएंगी। यह एक इंग्लिश फिल्म होगी। सलमान खान की रूमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर जल्द ही हॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाली हैं। यह जानकारी सोशल मीडिया पर आई है, जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि वह जल्द ही 'ईकोज ऑफ अस' में नजर आएंगी। ईकोज ऑफ अस' एक अंग्रेजी भाषा की फिल्म होगी, जिसमें यूलिया वंतूर के अलावा पूजा बत्रा, दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसेंड्रा व्हेलन मैरिज नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन जो राजन करेंगे, जिन्होंने 'लव यू सोनियो' से अपने निर्देशन करियर की शुरुआत की थी। बहरहाल, फिल्म की शुटिंग आज से शुरु हो चुकी है।



# टॉम क्रूज के साथ ली मास्टरक्लास...


**मुंबई।** अवनीत कौर इन दिनों लंदन में हैं। सबसे खास बात यह है कि वह लंदन में हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की मास्टरक्लास का हिस्सा हैं और इसी पल को उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शेयर किया है। अवनीत कौर इन दिनों लंदन में हैं। वहां पर वह हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की मास्टक्लास अटेंड करने के लिए गई हैं। इसी एक्सपीरियंस को उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। पहली इंस्टाग्राम स्टोरी में टॉम क्रूज ब्लैक शर्ट-पेंट में हमेशा की तरह हैंडसम दिख रहे हैं। यहां पर सभी टॉम का जोश से स्वागत करते नजर आ रहे हैं और इसकी खुशी टॉम के चेहरे पर साफ दिखाई दे रही है। अवनीत ने इस स्टोरी पर टॉम की एक वीडियो क्लिप लगाई है और लिखा - 'फिर से.. टॉम क्रूज.. द औरा.. रिस्पेक्ट और प्यार..'।



# लंदन में हुईं आरआरआर की स्क्रीनिंग...

**मुंबई।** एसएस राजामौली निर्देशित साउथ इंडियन फिल्म 'आरआरआर'साल 2022 में रिलीज हुई और देश-दुनिया में छा गई। विदेश दर्शक भी इस फिल्म के दीवाने हो गए। फिल्म 'आरआरआर' के एक गाने 'नाटू नाटू' को ऑस्कर अवार्ड भी मिला। इस फिल्म को गोल्डन ग्लोब जैसे इंटरनेशनल अवॉर्ड फंक्शन में काफी सराहा गया। हाल ही में इस फिल्म की स्क्रीनिंग लंदन के मशहूर रॉयल अल्बर्ट हॉल में की गई। इस स्क्रीनिंग की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रही हैं, जिसे भारतीय दर्शक सराहा रहे हैं। आरआरआर नाम के ऑफिशियल एक्स (ट्विटर)अकाउंट ने लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल से फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग की तस्वीर साझा की है। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'हिस्ट्री'।

## टीवी मसाला



# टीवी के इन पॉपुलर पांच शोज में आने वाला है लीप


**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में आने जा रहे लीप के बारे में हाल ही में पता चला है। खबर है कि शो की कहानी एक झटके में 5 से 7 साल आगे बढ़ जाएगी। लेकिन, यह इकलौता शो नहीं है, जिसमें लीप आने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कुल मिलाकर 5 शोज हैं जिनकी कहानी में लीप आने जा रहा है। लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे शो 'भाग्यलक्ष्मी' की कहानी में जेनरेशन लीप आने जा रहा है। यानि इस लीप के बाद जीटीवी के इस सीरियल में पूरी पीढ़ी ही बदल जाएगी। झनक टीआरपी लिस्ट में लंबे वक्त से टॉप 10 में बना हुआ है। दर्शकों की पहली पसंद बने हुए इस शो में लगातार नए उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। लेकिन, बीते कुछ वक्त से शो में रूखापन आ गया था जिसके बाद मेकर्स ने शो को नई रफ्तार देने के लिए लीप लाने का फैसला किया है। आंचल साहू, अंकुर वर्मा और तन्वी डोगरा स्टारर यह शो परिणीति भी जेनरेशन लीप के लिए तैयार है। मेकर्स नए किरदार और नए कलाकारों के साथ कहानी को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इस सबके अलावा स्टार प्लस का शो ये रिश्ता क्या कहलाता है, भी अभी तक कई लीप से गुजर चुका है और अब फिर एक बार इस शो में कहानी कई साल आगे बढ़ने वाली है। अनुपमा में भी लीप आने की बात कही गई थी। पिछले दिनों एक प्रोमो वीडियो वायरल हुआ था जिसमें दिखाया गया कि अनुपमा अहमदाबाद छोड़कर चली जाएगी।

## सुनील पाल ने राहुल को दी डॉक्टर से इलाज कराने की सलाह...

**नई दिल्ली।** राहुल कृष्ण वैद्य ने बीते दिन क्रिकेटर विराट कोहली के बारे में कमेंट किया था। भारत के पूर्व कप्तान ने अवनीत कौर की फोटो लाइक की थी और बाद में उसे 'गलती से हुआ', कह दिया था। साथ ही दावा किया



था कि सोशल मीडिय के एल्गोरिद्म भी इसके लिए जिम्मेदार है। इस पर राहुल वैद्य ने तंज कसा था। जिसके बाद जमकर उनकी आलोचना हुई थी। अब सुनील पाल ने इस वाकये पर रिएक्ट किया है। कॉमेडियन सुनील पाल, जो कि अक्सर विवादित बयानबाजी के कारण चर्चा में रहते हैं। उन्होंने 'इंस्टैंट बॉलीवुड' से बातचीत के दौरान राहुल वैद्य को डॉक्टर से सलाह लेने की नसीहत दी है। जब उनसे पूछा गया कि सिंगर ने विराट कोहली के बारे में जो टिप्पणी की थी, उस पर उनकी क्या राय है, तो कॉमेडियन ने कहा, 'ये राहुल है और वो विराट है। समझे आप।



# 'शूरवीर युद्ध में अपनी वीरता दिखाते हैं, बातें नहीं करते'

**मुंबई।** काफी आलोचनाओं के बाद बिग बी अब भारत-पाकिस्तान के बीच पैदा हुई परिस्थितियों पर एक्टिव नजर आ रहे हैं। युद्ध विराम के बाद उन्होंने बीती देर रात एक एक्स पर एक और पोस्ट किया। अपने इस पोस्ट में बिग बी ने तुलसीदास जी की रामचरितमानस की एक पंक्ति का जिक्र करते हुए लिखा, 'सूर समर करनी करहिं, कहि न जनावहिं आप।' पंक्ति का अर्थ बताते हुए उन्होंने लिखा, 'पंक्ति का अर्थ है कि शूरवीर अपने पराक्रम को युद्ध में करके दिखाते हैं, वे अपनी वीरता का प्रदर्शन करने के लिए बातें नहीं बनाते। यह पंक्ति तुलसीदास जी के रामचरितमानस के लक्ष्मण-परशुराम संवाद से ही ली गई है, कि शूरवीर अपनी वीरता को युद्ध में करके दिखाते हैं, वे अपने मुंह से अपनी प्रशंसा नहीं करते। कायर लोग ही युद्ध में शत्रु को सामने देखकर अपनी वीरता की डींगें हांका करते हैं।' अपनी पोस्ट में आगे बिग बी ने अपने पिता कवि हरिवंश राय बच्चन की पंक्तियों का जिक्र किया। साथ ही इस पोस्ट से पहले शेयर की उनकी कविता के बारे में भी लिखा। उन्होंने लिखा, 'हाइलाइट की गई लाइन पूरी है। जिसका मतलब है कि युद्ध में वीर बहादुर, अपनी वीरता दिखाते हैं। वे अपनी बहादुरी और वीरता का गुणगान नहीं करते। वो कायर हैं जो दुश्मन को देखकर केवल अपनी बहादुरी का नारा लगाते हैं। शब्दों ने व्यक्त किया है पहले से कहीं अधिक सत्य। एक कवि और उनकी दृष्टि पहले से कहीं अधिक महान।

# हेमा मालिनी से लेकर ऐश्वर्या तक, ये अभिनेत्रियां निभा चुकी हैं नर्स का किरदार, संघर्ष भरी है कहानी

**नई दिल्ली।** नर्स वह लोग होते हैं जो मरीजों की देखभाल करते हैं। किसी मरीज को ठीक करने में जितना हाथ किसी डॉक्टर का होता है, उतना ही हाथ नर्स का भी होता है। बॉलीवुड में कई फिल्में बनीं हैं, जिनमें किसी एक्ट्रेस को नर्स के तौर पर दिखाया गया है।



**ऐश्वर्या राय :** संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गुजारिश' (2010) में ऐश्वर्या राय ने एक निर्स का किरदार निभाया है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक मरीज का किरदार निभाया है। ऐश्वर्या राय मरीज ऋतिक से प्यार करती हैं। वह अपनी जिंदगी मरीज की सेवा करने में गुजार देती हैं। फिल्म में मरीज और नर्स के बीच अच्छा रिश्ता दिखाया गया है।



**हेमा मालिनी :** साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म 'सत्ते पे सत्ता' में हेमा मालिनी ने नर्स का किरदार निभाया है। फिल्म में अमिताभ बच्चन अमह किरदार में हैं। अमिताभ बच्चन सात भाई होते हैं जो असभ्य होते हैं। नर्स बनी हेमा न सिर्फ मरीजों का इलाज करती हैं, बल्कि लोगों को सभ्यता सिखाने की कोशिश करती हैं।



**वहीदा रहमान :** साल 1970 में फिल्म 'खामोशी' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में वहीदा रहमान ने एक नर्स का किरदार निभाया था। फिल्म में राजेश खन्ना अहम किरदार में थे। फिल्म में वहीदा रहमान मानसिक रोगियों का इलाज करती हैं। इस दौरान उन्हें एक मरीज से प्यार हो जाता है। जब वह ठीक होकर चला जाता है तो उनका दिल टूट जाता है। फिल्म में नर्स की नौकरी का संघर्ष दिखाया गया है।



**मुमताज :** साल 1970 में रिलीज हुई फिल्म 'खिलौना' में मुमताज ने एक नर्स का किरदार निभाया था। मुमताज को एक तवायफ, एक ऐसे मरीज की देखभाल के लिए रखती है जिसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। मुमताज उस मरीज की पत्नी होने का नाटक करती हैं और उसे ठीक करने में मदद करती हैं।



**मीना कुमारी :** फिल्म 'दिल अपना प्रीत पराई' साल 1960 में रिलीज हुई थी। फिल्म में मीना कुमारी ने नर्स का किरदार निभाया था। यह फिल्म एक डॉक्टर की कहानी है। फिल्म में राज कुमार अपने परिवारिक दोस्त की बेटी से शादी करने वाले होते हैं, लेकिन उन्हें नर्स से प्यार हो जाता है। हालांकि, दोनों इस बात को स्वीकार नहीं करते हैं।

*मुंबई। बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस हैं जिन्होंने इंडियन क्रिकेटर्स से शादी की, इस लिस्ट में अनुष्का शर्मा भी शामिल हैं। क्रिकेटर विराट कोहली और एक्ट्रेस*



*अनुष्का शर्मा की शादी को एक लंबा वक्त हो चुका है। हम आपको यहां बता रहे हैं कि इनकी लव स्टोरी, मैरीड लाइफ से जुड़ी कुछ खास बातों के बारे में।*

# अनुष्का-विराट कोहली की कब हुई पहली मुलाकात? क्रिकेटर की कौन सी बात ने जीता एक्ट्रेस का दिल

## कब हुई पहली मुलाकात

बॉलीवुड एक्ट्रेसेस और क्रिकेटर्स को अक्सर ही एड फिल्मों में देखा जाता है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक शैंपू का एड विराट और अनुष्का ने किया था। यही इनकी पहली मुलाकात थी, इसके बाद ही डेटिंग शुरू हुई। कुछ साल डेट करने के बाद साल 2017 के दिसंबर माह में अनुष्का और विराट शादी के बंधन में बंध गए। 11 जनवरी 2021 को अनुष्का ने बेटी वामिका को जन्म दिया, वहीं 15 फरवरी 2024 में बेटे अकाय को जन्म दिया। इन दिनों अनुष्का फिल्मों से दूर अपने बच्चों की परवरिश में पूरा समय दे रही हैं, विराट भी परिवार के साथ ही अधिक समय गुजारते हैं।

## विराट की जिंदगी में क्या बदलाव आए



सिर्फ अनुष्का शर्मा की ही जिंदगी विराट के कारण नहीं बदली। विराट की जिंदगी में भी कई बदलाव अनुष्का शर्मा के कारण आए। साल 2020 में दिए गए एक इंटरव्यू में विराट ने कहा, 'जब हालात मुश्किल होते हैं, तब आपको अपने ईगो को छोड़ना होता है। मुश्किल वक्त में डटे रहना पड़ता है, लगातार स्ट्रगल करते रहना पड़ता है, आखिर में आपको कोई रास्ता मिल ही जाता है। मैंने अनुष्का को ऐसा करते देखा और उससे यही बात सीखी भी है।'

## डेटिंग के वक्त विराट की कौन सी बात आई पसंद

विराट कोहली को जब अनुष्का शर्मा डेट कर रही थी तो उस दौरान एक खास बात उन्हें क्रिकेटर की पसंद आई। अनुष्का ने साल 2023 में इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स से जुड़े एक इवेंट में कहा था, 'डेटिंग करने से पहले मुझे विराट की एक बात अच्छी लगी, वो थी इसकी याददाश्त। मुझे लगा ये बात मेरे लिए काफी मददगार होगी।' विराट कोहली की अच्छी याददाश्त के कारण ही अनुष्का उनके करीब आईं।

## वो रिकॉर्ड याद रखेंगे और मैं तुम्हारे आंसू

अभिनेत्री ने विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट सफर को याद करते हुए एक लंबा नोट लिखा। अभिनेत्री ने लिखा, 'वो रिकॉर्ड याद रखेंगे, लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो आपने कभी नहीं दिखाए। वो संघर्ष जिन्हें किसी ने नहीं देखा और वह अटूट प्यार जो आपने खेल के इस फॉर्मेट को दिया। मुझे पता है कि इन सबने आपसे कितना कुछ छीन लिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद आप थोड़े समझदार, थोड़े विनम्र होकर लौटे। आपको इन सबके माध्यम से ढलते देखना मेरे लिए सौभाग्य रहा है।मैंने हमेशा सोचा था आप सफेद कपड़ों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे। आपने हमेशा अपने दिल की बात सुनी है, इसलिए मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि मेरे प्यार, आपने इस अलविदा के हर पल को कमाया है।'

## दो साल पहले केन्द्र के सुझाव पर शिक्षा विभाग में हुई थी खरीदी

# गड़बड़ी : घटिया सामग्री खरीदी के मामले में नप सकते हैं तीन अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शिक्षा विभाग के तीन जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नए कलेक्टर ने जांच शुरू कर दी है। दरअसल, केंद्र सरकार ने शून्य से 8 साल तक के बच्चों को बुनियादी शिक्षा देने के लिए योजना शुरू की थी, अफसरों ने उसमें शिक्षा विभाग के अफसरों ने भ्रष्टाचार भेंट चढ़ा दिया था।

स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों ने कमीशन के लालच में लोकल वेंडर को बैकडोर से एंट्री दी थीए भंडार क्रय नियमों के विरुद्ध करीब 2.85 करोड़ की घटिया सामग्री खरीद ली थी। घपले की जांच हुए साल भर से अधिक समय हो गया है, इसमें पूर्व कलेक्टर कातिर्केया गोयल ने कार्रवाई करने के निर्देश दिया थाए अब इस मामले में पूर्व डीईओ रिटायर हो चुके डीएमसी और पूर्व सहायक परियोजना अधिकारी को शोकॉज नोटिस जारी कर दिया गया है, उन्हें स्पष्टीकरण देने के लिए कह दिया गया है। बताया जाता हैं कि इसमें रिव्हकरी के साथ अपराधिक मामला दर्ज करने की भी कार्रवाई की जा सकती है। प्राथमिक शालाओं में शिक्षा की बुनियाद को मजबूत करने केंद्र सरकार ने फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी मतलब मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता नामक अभियान शुरू किया है। इसी के तहत ही बच्चों के लिए खेल और शिक्षण सामग्रियो की खरीदी की गई थी। इसमें घपला होंने की बात सामने आने के बाद इसकी जांच 2023 में शुरु हुई, जो एक साल बाद 2024 में पूरी हुई थी। तत्कालिन अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय ने जांच रिपोर्ट को उस समय कलेक्टर रहे कार्तिकेया गोयल को सौंपी थी। अब कार्तिकेया गोयल के ट्रांसफर होंने के बाद अब इसमें फाइल पर कार्रवाई शुरु हो गई है, इस मामले में संलिप्त अफसरो को नोटिस जारी किया गया है।

### प्रति स्कूल के लिए 14000 की खरीदी

दरअसल 0 ये 8 वर्ष तक के बच्चों का समग्र विकास करने के लिए कुछ सामग्री क्रय करने के सुझाव दिए गए थे। सरकार ने नीति के तहत 100 सामग्रियों की सूची जिलों में भेजी थी, जिसमें से करीब 25 का चयन कर क्रय किया जाना था। संबंधित क्षेत्र के अनुरूप सामग्री का चयन करना था। राजीव गांधी शिक्षा मिशन में केंद्र सरकार की राशि से 1970 प्रायमरी स्कूलों को सामग्री क्रय कर सप्लाई किया गया है। प्रति स्कूल 14 हजार रुपए के हिसाब से 2.85 करोड़ रुपए की सामग्री क्रय कर ली गई। बताया जाता है कि इस मामले में पूर्व डीईओ बी बाख्ला, डीएमसी एनके चौधरी और सहायक परियोजना अधिकारी आलोक स्वर्णकार को शिक्षा विभाग के विधि शाखा के माध्यम से शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। यह कार्रवाई की पहली दिशा में कदम उठाया गया है। इसके बाद इन अफसरों के ऊपर सख्त कार्रवाई के लिए कदम उठाया जा सकता है।

# खरसिया में तालाब के गहरीकरण के साथ हो रहा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

विगत कई वर्षों से सफाई के अभाव में एवं नालियों का पानी तालाबों में जाने की वजह से प्रदूषित हो चुके एवं अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे धार्मिक और पुरातात्विक महत्व के शहर के बीच में स्थित चंदन तालाब तालाब की नगर वासियों एवं मोहल्ले वासियों की विशेष मांग पर सफाई एवं गहरीकरण के साथ ही सौन्दर्यीकरण करने का बीड़ा नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग के द्वारा उठाया गया है।

जिसके लिए सर्वप्रथम तालाब में आने वाले गंदे पानी को रोकने की व्यवस्था के साथ ही तालाब के चारों ओर नाली का निर्माण और रिटर्न वाल का निर्माण करवाया जाएगा। बताते चले कि खरसिया नगर के मध्य में स्थित चंदन तालाब जिसके चारों ओर भगवान शिव, हनुमान, गुड़गांव वाली देवी माता, रानी सती मंदिर, शनि मंदिर, राम मंदिर, गोगा पीर, सहित हिंदू धर्म की सभी माता के मंदिर स्थित है। जिससे इस तालाब का धार्मिक महत्व भी बहुत बढ़ जाता है यहां स्थित पीपल के वृक्ष के नीचे सभी प्रकार के हिंदू धर्म के अनुसार कर्मकांड और अपने पितरों को जल अर्पित किया जाता है। नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग द्वारा 2016 में अपने विगत कार्यकाल में इस तालाब की सफाई करवाई गई थी पुनः एक बार चंदन तालाब की सफाई नगर वासियों की भावनाओं को देखते हुए अत्यंत ही आवश्यक है। सर्व प्रथम चंदन तालाब एवं डबरी तालाब की सफाई एवं गहरीकरण के साथ ही सौन्दर्यीकरण प्रारंभ किया गया है।





